<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–12.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. देश भर में आज विजयादशमी की धूम, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोगों को दी शुभकामनांए, कहा– यह त्योहार अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक।
2. दशहरा में रांची के मोरहाबादी में आज रावण दहन कार्यक्रम , मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ होंगे शामिल।
3. भाजपा के वरिष्ट नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर बोला हमला, कहा – बाईसी बुलाकर मूल मालिकों को वापस दिलायेंगे हर अतिक्रमित जमीन।
4. गया–कोडरमा–हजारीबाग होकर चलेगी लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, रेल मंत्रालय ने दी मंजूरी, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और सांसद मनीष जायसवाल ने केन्द्र का जताया आभार।
5. मौसम विभाग ने रांची, खूंटी, सरायकेला समेत राज्य के 8 जिलों के लिए जारी किया येलो अलर्ट, मेघगर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी।

*****************

दशहरा का त्योहार आज पूरे देश में श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार बुराई पर जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। शरद नवरात्रि और दुर्गा पूजा के अगले दिन दशहरा मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विजयदशमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस त्योहार के साथ गरिमा, कर्तव्य, सदाचार, विनम्रता और न्याय के लिए संघर्ष की कई प्रेरक कहानियां जुड़ी हुई हैं। राष्ट्रपति ने कामना की है कि आस्था और उत्साह का यह त्योहार सभी के लिए सफलता, समृद्धि और खुशियां लाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों को विजयादशमी की असीम शुभकामनाए दी है। सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि मां दुर्गा और प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से सभी को जीवन के हर क्षेत्र में विजय हासिल हो, यही कामना है। राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को शुभकामनाएं दीं ।

*****************

राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान समेत कई जगहों पर आज विजयादशमी पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों को जलाया जाएगा। पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल ने बताया कि इस बार मुख्य आकर्षण खास आतिशबाजी होगी, जो प्रदूषण और धुआं रहित होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि रांची के सांसद सह केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ होंगे।

*****************

सरायकेला खरसावां जिले में दुर्गा पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जा रहा है। विजयादशमी के अवसर पर प्रतिमा विसर्जन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा खास सतर्कता बरती जा रही है।

*****************

रेलवे ने झारखंड को विजयादशमी का तोहफा दिया है। कोडरमा–हजारीबाग होते हुए मुंबई के लिए एक्सप्रेस ट्रेन की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए रेल मंत्रालय ने गया–लोकमान्य तिलक टर्मिनल को मंजूरी दी है। कोडरमा सांसद और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रेल मंत्रालय की इस पहल को राज्य के लोगों के लिए विजयादशमी का तोहफा बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों के आवागमन में सुविधा होने के साथ व्यवसायिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी।

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने भी इस नई ट्रेन की सौगात और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों की मांग को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री का आभार जताया है।

गया और लोकमान्य तिलक टर्मिनल, मुंबई के बीच शुरू होने वाली नई ट्रेन गया से शाम 7 बजे रवाना होगी और 34 घंटे 50 मिनट में यात्रा पूरी करेगी, जो रांची–जमशेदपुर–नागपुर होते हुए जाएगी।

*****************

भाजपा के वरिष्ट नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ आंदोलन का संकल्प दोहराया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि घुसपैठियों द्वारा आदिवासियों पर अत्याचार, उनकी जमीनों की लूट, आदिवासी अस्मिता से खिलवाड और जाहेर थान/ मांझी थान पर अतिक्रमण बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाईसी बुला कर, हर अतिक्रमित जमीन को उसके मूल मालिक को वापस करवाएंगे।

*****************

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों, गैर–बैंकिंग कंपनियों सहित सभी भुगतान सेवा प्रदाताओं को डिजिटल भुगतान सेवा में दिव्यांगजनों की सुविधा का ध्यान रखने का निर्देश दिया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बैंक ने भुगतान सेवा प्रदाता डिजिटल भुगतान प्रणाली में दिव्यांग अनुकूल आवश्यक बदलाव करने को कहा है।

*****************

आज विश्व गठिया दिवस है। हड्डियों में पोषक तत्वों की कमी के कारण असहनीय पीड़ा होती है, जिसे गठिया या आर्थराइटिस कहा जाता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स में रुमेटोलॉजिस्ट विभाग की प्रमुख डॉक्टर उमा कुमार ने आकाशवाणी से बातचीत में गठिया रोग की पहचान और उसके उचित उपचार के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मरीजों को सोशल मीडिया या किसी अन्य से सुनकर स्वयं ही उपचार नहीं करना चाहिए।

*****************

मौसम विभाग ने रांची, खूंटी, सरायकेला समेत राज्य के 8 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इसमें गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम भी शामिल है। इन जिलों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी दी गई है

*****************

<u>और अब वेबसाइट की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित होने वाली लगभग सभी अखबारों की वेबसाइट ने विजयादशमी की खबरों के साथ तमिलनाडु रेल हादसे की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर ने लिखा है – झारखंड के लिए खुशखबरी! मुंबई के लिए मिली एक और ट्रेन।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– सोना–चांदी लूटने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड, धनबाद कोल्फील्ड होटल पहुंची बोकारो पुलिस, छह अपराधियों को किया गिरफ्तार।

तमिलनाडु के तिरुवल्लूर में मालगाड़ी से टकराई बागमती एक्सप्रेस, 19 घायल; बचाव अभियान जारी दैनिक जागरण ने इसे अपनी सुर्खी बनाई है। हिंदुस्तान ने लिखा है तमिलनाडु में हादसा, बिहार जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की मालगाड़ी से टक्कर; लगी आग।

*************